रजिस्टर्ड

प्रेषक,

क्षेत्रीय सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली ।

हाईस्कूल परीक्षा

सेवा में,

प्रबन्धक,
मदर जुवैदा पब्लिक उ0मा0वि0
न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत ।

पत्रांक : मा0शि0प0 / मान्यता / 663 ~~676~~ 667 दिनांक 27-9-2008

विषय :- सीधे / हाईस्कूल (नवीन) की मान्यता प्रदान करने के सम्बन्ध में ।

महोदय, शासनादेश सं0- 2 353/15-7-08-4(105)/2008 दि0 24-09-2008 के द्वारा

माध्यमिक शिक्षा परिषद् की मान्यता समिति की संस्तुति पर सभापति, माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदनोपरान्त शासन ने इण्टरमीडिएट शिक्षा (संशोधन) अधिनियम 1987 की धारा 7 क (क) के अन्तर्गत आपको संस्था मदर जुवैदा पब्लिक उ0मा0वि0 न्यूरिया हुसैनपुर, पीलीभीत । को बालक/बालिका विद्यालय के रूप मे परिषद् की हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 से निम्नलिखित सामान्य एवं विशेष प्रतिबन्धों सहित एक साथ (वन टाइम) वित्त विहीन मान्यता सभी अनिवार्य एवं अतिरिक्त विषयों सहित दिये जाने का आदेश प्रदान किया है :-

सामान्य प्रतिबन्ध

(1) प्रबन्ध तंत्र कक्षा-9 की कक्षाएं संचालित करने के पूर्व प्रशासन योजना, शिक्षण कार्य हेतु व्यवस्था, साज-सज्जा, शिक्षण सामग्री, प्रयोगशाला, भवन, पुस्तकालय, प्राभूत, सुरक्षित कोष एवं आर्थिक स्थिति और अन्य प्रतिबन्धों की पूर्ति तथा विद्यालय के अनुशासन व प्रशासन की व्यवस्था कर जिला विद्यालय निरीक्षक को अवगत करायें ।

(2) इस मान्यता पत्र के निर्गत होने की तिथि से दो वर्ष के अन्दर ही जिला विद्यालय निरीक्षक एवं परिषद् को 9 वर्ष कक्षा संचालित करने की विधिवत लिखित सूचना रजिस्टर्ड डाक द्वारा दी जाय , अन्यथा प्रदत्त मान्यता स्वत: समाप्त समझी जायेगी ।

(3) साज-सज्जा की व्यवस्था शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार की जाय

(4) इस पत्र में अंकित विषयों के अध्यापनार्थ परिषद् द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता से युक्त व्यक्तियों को अपने स्रोतों से व्यवस्था के लिए संस्था उत्तरदायी होगी ।

(5) विद्यालय की प्रशासनिक एवं शिक्षण की व्यवस्था प्रबन्ध तंत्र द्वारा अपने स्रोतों से की जाय ।

साजदा
अध्यक्ष / उपाध्यक्ष
जुवैदा पब्लिक स्कूल
न्योरिया हुसैनपुर (पीलीभीत)

(6) नवीन कक्षाएं संचालित करने का समस्त व्यय संस्थाधिकारी स्वयं वहन करेंगे ।

विशेष तिबन्ध

(क) संस्था द्वारा प्रेषित मान्यता सम्बन्धी विवरण में यदि कोई सूचना गलत पायी जाती है तो विद्यालय की प्रदत्त मान्यता निरस्त कर दी जायेगी ।

(ख)

टिप्पणी : इस पत्र मे अंकित समस्त सामान्य एवं विशेष प्रतिबन्धों की पूर्ति छः माह के अन्दर किया जाना आवश्यक होगा ।

भवदीय,

25/9/04

क्षेत्रीय सचिव ।

पृष्ठांकन संख्या : मा0शि0प0 / मान्यता /

दिनांक 25/9/04

25/9/04

प्रतिलिपि निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :--

1-- जिला विद्यालय निरीक्षक, पीलीभीत

2-- संभागीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, बरेली

3-- हाईस्कूल परीक्षा संस्थागत अनुभाग बरेली

4-- सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्य कार्यालय, इलाहाबाद ।

क्षेत्रीय सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली ।

पी0 एस0 यू0 पी0 (आर0 आर0) --163 मा0शि0प0--दिनांक 7-10-04-- 10,000 प्रतियां (कम्प्यू0/आफ0) ।

साजदा
अध्यक्ष / उपाध्यक्ष
जुवैदा पब्लिक स्कूल
न्योरिया हुसैनपुर (पीलीभीत)